# कर्मचारी राज्य बीमा निगम

(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
पंचदीप भवन, सेक्टर-19 A, मध्य मार्ग, चंडीगढ़-160019
फ़ोन : 0172-2544126 ईमेल : rd-punjab@esic.nic.in

## पंजाब में कर्मचारी राज्य बीमा योजना
## (ESI Scheme in Punjab)

क्या आप रु.21,000/- तक का वेतन पाने वाले कर्मचारी हैं?

यदि हाँ, **तो कर्मचारी राज्य बीमा योजना (ESI Scheme) के तहत कवरेज के माध्यम से अपनी और अपने परिवार की खुशियों को सुरक्षित करें!**

ई.एस.आई. योजना के हितलाभ*:

- **बीमारी हितलाभ:** बीमारी के कारण काम से अनुपस्थित रहने की स्थिति में वेतन के 70% तक मुआवजा।
- **मातृत्व हितलाभ:** बीमाकृत महिला की गर्भावस्था में 26 सप्ताह का 100% वेतन भुगतान।
- रोजगार के दौरान चोट लगने पर **अपंगता हितलाभ** (स्थायी अथवा अस्थाई): वेतन के 90% तक।
- रोजगार चोट या व्यावसायिक दुर्घटना के कारण मृत्यु होने पर बीमाकृत व्यक्ति के आश्रितों को **आश्रितजन हितलाभ**: वेतन के 90% तक।
- **चिकित्सा हितलाभ**: बीमाकृत व्यक्ति और उसके आश्रित परिवार के सदस्यों को पूर्ण चिकित्सा देखभाल।
- **अंत्येष्टि व्यय**: बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु पर अंतिम संस्कार के लिए रु. 15,000/- का भुगतान।
- बीमाकृत व्यक्तियों के बच्चों के लिए ईएसआईसी मेडिकल, नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेजों में **मेडिकल सीटों के आरक्षण** सहित कई अन्य हितलाभ।

* उल्लिखित सभी हितलाभ भुगतान किये गए अंशदान की अवधि और अन्य नियमों, विनियम, नियमों और शर्तों के अधीन हैं। अधिक जानकारी के लिए क. रा. बी. नि. (ESIC) की वेबसाइट: www.esic.gov.in पर जाएँ।

**सरल एवं किफायती:**

- नियोक्ता का योगदान: कुल वेतन का 3.25%
- कर्मचारी का योगदान: कुल वेतन का 0.75%

**परेशानी मुक्त अनुपालन:**

- नियोक्ता द्वारा हर माह की अनुपालना **ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम** से अगले महीने की 15 तारीख तक।

पंजाब में चिकित्सा उपचार के लिए **व्यापक नेटवर्क:**

- 71 औषधालय/डिस्पेंसरी (69 पंजाब और 02 चंडीगढ़ )
- 03 डीसीबीओ
- 08 (चंडीगढ़ और लुधियाना में 02 ईएसआईसी अस्पताल और पंजाब में 06 ईएसआईसी अस्पताल)

कैशलेस एसएसटी सेवाओं के लिए पंजाब के लाभार्थियों के लिए 122 निजी टाई अप अस्पताल और डायग्नॉस्टिक सेंटर और 02 सरकारी संस्थान यानी होमी भाभा कैंसर अस्पताल, मुल्लांपुर और संगरूर को सूचीबद्ध किया गया है

**अपने नियोक्ता से आज ही ईएसआईसी (ESIC) में पंजीकरण कराने के लिए कहें!**

अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें

| जिला | कार्यालय |
|---|---|
| **पंजाब व चंडीगढ़** | **ई. एस. आई. सी. क्षेत्रीय कार्यालय**<br>प्लॉट स. 3, पंचदीप भवन, सेक्टर-19 A, मध्य मार्ग, चंडीगढ़-160019 |
| **लुधियाना** | **ई. एस. आई. सी. उप क्षेत्रीय कार्यालय**<br>एस.सी.एफ-22 -23, फोकल पॉइंट, अर्बन एस्टेट, फेस-2, लुधियाना-141010 |
| **जालंधर, कपूरथला, होशियारपुर, अमृतसर, तरनतारन, गुरदासपुर और पठानकोट का संपूर्ण जिला क्षेत्र** | **ई. एस. आई. सी उप क्षेत्रीय कार्यालय**<br>ई. एस. आई. निगम, ई. एस. आई. अस्पताल परिसर, एस.यू.एस. नगर, जालंधर-144001 |

क्षेत्रीय निदेशक
क.रा.बी.निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़